हेनरी बिल्ला
और बड़ी छींक
ऐनी रॉकवेल

हेनरी बिल्ला और बड़ी छींक

ऐनी रॉकवेल

1. बड़ा, गहरा छेद

हेनरी बिल्ला चल रहा था, और साथ में एक अच्छी किताब भी पढ़ रहा था. वो चलता रहा और आगे बढ़ता गया. उसने यह नहीं देखा कि वो कहाँ जा रहा था. फिर हेनरी बिल्ला एक बड़े गहरे छेद में गिर गया.

उसे चोट तो नहीं लगी, लेकिन अब वो उस बड़े, गहरे छेद से बाहर नहीं निकल सकता था.

उसने छेद से बाहर कूदने की बहुत कोशिश की, लेकिन वो असफल रहा.

उसने चढ़कर बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन वो बड़े, गहरे छेद के ढाल से बार-बार नीचे खिसका.

"बाप रे!" हेनरी बिल्ले ने कहा. "लगता है मैं इस बड़े, गहरे छेद से बाहर नहीं निकल सकता. मैं अब क्या करूँ?" और फिर हेनरी बिल्ला सोचने लगा.

सोचते-सोचते वह बड़े, गहरे छेद के नीचे, धूप में बैठ गया.

2. बत्तख

"क्वैक! क्वैक! क्वैक!" एक बत्तख चलती हुई वहां आई.

हेनरी बिल्ला इधर-उधर कूदने लगा और गाने लगा.

"मी-ओउ! मी-ओय! मैं खुशी के लिए कूद रहा हूं. मी-ओउ! मी-ओय! ओह बॉय! ओह बॉय!"

बत्तख ने नीचे बड़े, गहरे छेद में देखा.

"तुम वहाँ क्या कर रहे हो?" बत्तख ने हेनरी बिल्ले से पूछा.

"मैं खुशी से कूद रहा हूं क्योंकि मैं इस बड़े, गहरे छेद में नीचे हूं," हेनरी बिल्ले ने कहा.

"आज दुनिया खत्म हो जाएगी. इस बड़े, गहरे गड्ढे में छिपे जानवर ही सिर्फ बचेंगे. और इसीलिए मैं यहाँ पर हूं."

इसलिए, "मी-ओउ! मी-ओय! मैं खुशी के लिए कूद रहा हूं. मी-ओउ! मी-ओय! ओह बॉय! ओह बॉय!"

"तुम्हें वो कैसे पता चला?" बत्तख ने पूछा.

"मैंने उसके बारे में अपनी पुस्तक में पढ़ा है," हेनरी बिल्ले ने कहा.

"क्या मैं भी तुम्हारे साथ जुड़ सकती हूं?" बत्तख ने कहा.

"अगर तुम छींकती नहीं हो तभी," हेनरी बिल्ले ने कहा.

"मेरी किताब कहती है कि केवल वही जानवर जो छींकते नहीं हैं वे ही इस बड़े, गहरे छेद में छिप सकते हैं."

"अरे, मुझे कभी छींक नहीं आती," बत्तख ने कहा.

फिर बत्तख नीचे बड़े, गहरे छेद में उड़ गई.

हेनरी बिल्ले ने बत्तख को देखा और सोचा, "यह बत्तख न तो बहुत छोटी है और न ही बहुत बड़ी है.

मुझे लगता है कि इसकी पीठ पर बैठकर मैं इस गहरे छेद से बाहर नहीं निकल पाऊंगा.

चलो कोई बात नहीं! मैं फिर से कोशिश करूंगा."

फिर हेनरी बिल्ले ने अपनी किताब पढ़ी.

बत्तख बड़े, गहरे छेद के नीचे धूप में बैठ गई.

3. बकरी

फिर "ट्रिप, ट्रैप, ट्रिप, ट्रैप!" की आवाज़ करते हुए वहां एक बकरी आई.

हेनरी बिल्ले ने तुरंत कूदना और गाना शुरू कर दिया.

बत्तख झूमने लगी.

"तुम वहाँ नीचे क्या कर रहे हो?" बकरी ने पूछा.

"मी-ओउ! मी-ओय! क्वैक! क्वैक! ओह बॉय!" हेनरी बिल्ले और बत्तख ने कहा.

"आज दुनिया का अंत होने वाला है," बत्तख ने कहा.

"हेनरी बिल्ले की किताब में ऐसा ही लिखा है. लेकिन यहाँ हम इस बड़े, गहरे छेद में सुरक्षित हैं."

बकरी ने कहा, "तो मैं भी तुम्हारे साथ शामिल होना चाहूंगी."

फिर एक जोरदार आवाज़ के साथ बकरी भी नीचे बड़े, गहरे छेद में कूद गई.

"एक मिनट रुको!" हेनरी बिल्ले ने कहा.

"क्या तुम्हें कभी छींक आती?" उसने बकरी से कहा.

"क्यों?" बकरी ने कहा.

"क्योंकि मेरी किताब में लिखा है कि इस छेद में सिर्फ वही जानवर छिप सकते हैं जिन्हें छींक नहीं आती हो."

"मुझे देखने दो," बकरी ने कहा, लेकिन वो किताब पढ़ नहीं सकती थी.

हेनरी बिल्ले ने बकरी को अपनी किताब दिखाई.

"देखो," बकरी ने कहा.

"नहीं, मैं कभी छींकती नहीं हूँ. मैं सूंघती हूं. लेकिन मुझे कभी छींक नहीं आती है."

"अच्छा, तो ठीक है," बत्तख और हेनरी बिल्ले ने कहा.

हेनरी बिल्ले ने सोचा, "यह बकरी बहुत बड़ी और ताकतवर है.

लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो इतनी बड़ी या शक्तिशाली है कि वो मुझे इस बड़े, गहरे छेद से बाहर निकाल सके.

चलो कोई बात नहीं! मैं फिर से कोशिश करूंगा."

4. हेनरी की बहन

तभी सैंड्रा बिल्ली खामोशी से अपने पंजों पर चलते हुए वहां आई.

उसने नीचे बड़े, गहरे छेद में देखा.

सैंड्रा बिल्ली, हेनरी बिल्ले की बहन थी.

"क्यों हेनरी," सैंड्रा बिल्ली ने कहा, "तुम वहाँ क्या कर रहे हो?"

"ओह, मेरी प्यारी बहन," हेनरी बिल्ले ने कहा, "यहाँ तुरंत नीचे आओ. आज दुनिया का अंत होने वाला है. लेकिन मैं इस बड़े, गहरे छेद में सुरक्षित हूँ. साथ में बत्तख और बकरी भी सुरक्षित हैं. आओ, तुम भी हमसे आकर जुड़ो, प्रिय बहन."

लेकिन सैंड्रा बिल्ली ने कहा, "तुम कितनी मूर्खतापूर्ण बात कर रहे हो! मुझे तुम पर यकीन नहीं है, हेनरी बिल्ले. तुम उस बड़े, गहरे छेद में ही ठीक हो."

"मुझे लगता है कि तुम मेरे साथ कोई चाल खेल रहे हो. मैं तुम्हें अच्छी तरह जानती हूं! खैर, तुम तीनों उस बड़े गहरे छेद में सड़ते रहो. अलविदा," सैंड्रा बिल्ली ने कहा और फिर वो चुपचाप अपने पंजों के बल चली गई.

हेनरी बिल्ला रोने लगा.
"ओह, मेरी गरीब बहन!
वो कितनी मूर्ख है. ओह,
गरीब प्रिय मूर्ख सैंड्रा बिल्ली.
हे भगवान! मैं अब क्या करूं!"

फिर बत्तख और बकरी भी बिल्ले
के साथ रोने लगीं.

लेकिन फिर हेनरी बिल्ले ने कहा, "नहीं, मेरे दोस्तों, हमें रोना बंद कर देना चाहिए. क्योंकि आपके रोने से मुझे छींक आ सकती है. इसलिए, हमें रुकना चाहिए."

और फिर उन्होंने वही किया. वे बड़े, गहरे छेद के नीचे धूप में चुपचाप बैठ गए. हेनरी बिल्ला अपनी किताब पढ़ने लगा.

5. हाथी

फिर "वूश! वूश! स्विश!" के साथ वहां एक बड़ा हाथी आया.

हेनरी बिल्ला उछल कर गाने लगा.

"मी-ओउ! मी-ओय! मैं खुशी के लिए कूद रहा हूं. मी-ओउ! मी-ओय! ओह बॉय! ओह बॉय!"

"क्वैक! क्वैक!" बत्तख ने गाया.

"बा! बा! ट्रिप, ट्रैप!" बकरी गाने लगी और खुशी से उछलने लगी.

बड़े हाथी ने उन्हें नीचे देखा.

"हेलो बत्तख, बकरी, और हेनरी बिल्ले. तुम सब लोग उस बड़े, गहरे छेद में क्या कर रहे हो? तुम इतना शोर क्यों मचा रहे हो?"

बकरी ने कहा, "आज दुनिया खत्म होने वाली है."

"यह हेनरी बिल्ले की किताब में लिखा है. लेकिन किताब के अनुसार हम यहाँ इस बड़े, गहरे छेद में सुरक्षित हैं."

"अरे! मैं भी सुरक्षित रहना चाहता हूँ," हाथी ने कहा. "क्या मैं वहां आकर आपसे जुड़ सकता हूं?"

"ठीक है," बत्तख ने कहा, "लेकिन यह सुनिश्चित करना कि तुम्हें छींक न आए. केवल वही जानवर जो छींकते नहीं हैं, वही इस बड़े, गहरे छेद में सुरक्षित छिप सकते हैं."

"अरे, मैं कभी नहीं छींकता हूँ," हाथी ने कहा.

"ज़रा एक मिनट रुको!" हेनरी बिल्ले ने कहा.

"आपकी नाक बहुत लंबी है. आपकी बहुत बड़ी नाक से एक बहुत बड़ी छींक निकल सकती है."

"ऐसा बिल्कुल नहीं होगा," हाथी ने कहा. "मैं कभी-कभी सूंघता ज़रूर हूं. कभी-कभी आवाज भी करता हूँ. लेकिन मैं कभी भी छींकता नहीं हूं."

और फिर हाथी भी उस बड़े, गहरे छेद में कूद गया.

हेनरी बिल्ले ने सोचा, "यह हाथी बहुत बड़ा है. इसकी नाक बहुत लंबी है. वो ज़रूर मेरी कुछ मदद कर सकता है."

फिर हेनरी बिल्ला मुस्कुराया और उसने अपनी किताब पढ़ी.

6. बड़ी छींक

थोड़ी देर बाद हेनरी बिल्ले ने मुस्कुराना बंद कर दिया. उसने अपनी आंख से एक आंसू पोछा. फिर उसने एक गहरी आह भरी.

हाथी, बकरी और बत्तख सभी ने बिल्ले की ओर देखा.

"मत रो," बकरी ने कहा.

"मैं रोना बंद नहीं कर सकता," हेनरी बिल्ले ने कहा. "मैं अपनी गरीब, प्यारी बहन, सैंड्रा बिल्ली के बारे में सोच रहा हूं. वो कितनी मूर्ख है कि वो हमारे साथ नहीं आई! ओह, मेरी बेचारी प्यारी बहन."

और फिर हेनरी बिल्ला ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा.

फिर बिल्ले ने अपने पंजे से अपनी आँखें और नाक पोंछी. उसने सूंघा. फिर वो फफक-फफककर रोने लगा

"आ......... हा. ......

"वो छींकने जा रहा है!" बत्तख ज़ोर से चिल्लाई.

"उसे तुरंत रोको!" बकरी ने कहा.

और जब बकरी ने ऐसा कहा, तो बड़े हाथी ने हेनरी बिल्ले को अपनी सूंड से उठाया और उसे बड़े, गहरे छेद से बाहर फेंक दिया.

बाहर आकर हेनरी बिल्ला हंसने लगा.

"हेलो, नीचे वाले साथियों," उसने कहा. "मैंने तुम लोगों पर एक चाल चली थी. उस छेद से कैसे बाहर निकलना है वो मुझे आता नहीं था. अब ऊपर आओ, और मेरे साथ जुड़ो, अगर तुम्हारे लिए वो करना संभव हो!"

उसके बाद हेनरी बिल्ला वहां से हंसते हुए भाग गया.

बत्तख "क्वैक! क्वैक! क्वैक!" करते हुए उस छेद में से उड़ गई.

कुछ देर बाद हाथी ने बकरी को अपनी सूंड से बाहर फेंक दिया.

फिर हाथी खड़ा हो गया. हाथी ने ज़ोर लगाया और फिर वो भी गड्ढे के बाहर निकल गया.

फिर सभी जानवर बड़े, गहरे छेद से दूर चले गए.

लेकिन हेनरी बिल्ला बहुत होशियार था. वो कुछ दिनों तक अपने घर में ही बैठकर अपनी किताब पढ़ता रहा.

समाप्त